

02

डीएलएफ के पुलिस थाने में रक्तदान शिविर, 45 जवानों ने दिया खून

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04



अग्रवाल महाविद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर परामर्श व जागरूकता...

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, गुरुवार, 12 मई, 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1443, बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी, मूल्य, 2.00 रुपए


# अग्रवाल महाविद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर परामर्श व जागरूकता सत्र आयोजित

आज समाज नेटवर्क



स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर परामर्श एवं जागरूकता सत्र में सुनते हुए । **विशाल त्रिवेदी**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में स्त्री उद्यमिता एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर परामर्श एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य एवं कार्यक्रम संरक्षक डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं उनकी सदप्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित होते रहते है। महिलाएं अपना अच्छा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता किस प्रकार से रखें, इस उद्देश्य से इस सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता (रिसोर्स पर्सन) के रूप में डॉ निधि अग्रवाल (अध्यक्ष रोटरी क्लब फरीदाबाद यूलिन) और द्वितीय वक्ता सोनिया राय उपस्थित रहीं।

डॉ. निधि अग्रवाल ने दैनिक जीवन में खानपान की अनियमितता के कारण गिरते स्वास्थ्य, हार्मोन असंतुलन, लड़कियों का कद ना बढ़ना और शारीरिक अंगों का विकसित ना हो पाने जैसी समस्याओं पर विचार प्रस्तुत किए और उनके समाधान भी बताए।

द्वितीय वक्ता सोनिया राय ने महावारी समय पर होने वाली मानसिक रूप से परेशानी, साफ-सफाई, खानपान संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस परामर्श सत्र में 141 विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस परामर्श सत्र के दौरान छात्राओं को निःशुल्क पैड्स भी वितरित किए गए। कार्यक्रम संयोजिका डॉ गीता गुप्ता, डॉ डिंपल, समन्वयक डॉ रेखा सेन, डॉ रेनू महेश्वरी के सहयोग से यह सत्र सार्थक एवं सफल सिद्ध हुआ।